Series GEFH1/5

SET ~ 3

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **59/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

| नोट / NOTE : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।<br>Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (ii) | प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **30** प्रश्न हैं ।<br>Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**<br>**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (v) | इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |



https://www.evidyarthi.in/

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खंड **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खंड – क :** प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड – ख :** प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु उत्तरीय प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खंड – ग :** प्रश्न संख्या **19** से **23** दीर्घ उत्तरीय प्रकार के **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खंड – घ :** प्रश्न संख्या **24** से **26** तक अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खंड – ङ :** प्रश्न संख्या **27** से **30** भी दीर्घ उत्तरीय प्रकार के **छः-छः** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही विकल्प का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*



https://www.evidyarthi.in/

***General Instructions :***

***Please read the following instructions carefully and follow them :***

(i) *This question paper contains **30** questions. **All** questions are compulsory.*

(ii) *Question paper is divided into **FIVE** Sections – **Section A, B, C, D & E.***

(iii) *In section **A** - Question number **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type Questions.*

(iv) *In section **B** - Question number **13 to 18** are Short Answer (SA) type questions carrying **2** marks each. Answer to these questions should not exceed **50** words.*

(v) *In section **C** - Question number **19** to **23** are Long Answer (LA) type questions carrying **4** marks each. Answer to these questions should not exceed **100** words each.*

(vi) *In section **D** - Question number **24** to **26** are passage, cartoon and map-based questions.*

(vii) *In section **E** - Question number **27** to **30** are also Long Answer type questions carrying **6** marks each. Answer to these questions should not exceed **170** words.*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

(ix) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*



https://www.evidyarthi.in/

## खंड – क

1. निम्नलिखित रिक्त स्थान को नीचे दिए गए किसी एक उपयुक्त पद से भरिये : 1

_______ का अर्थ ऐसी प्रगति से है जो वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को भावी पीढ़ी की आवश्यकताओं के साथ समझौता किए बिना पूरा करती है ।

(a) वैश्विक सम्पदा
(b) विनाश रहित विकास
(c) टिकाऊ विकास
(d) विकसित देशों की राजनीति

2. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए : 1

(i) लाल बहादुर शास्त्री की प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति
(ii) ताशकंद समझौता
(iii) चौथा आम चुनाव
(iv) वी.वी. गिरी का राष्ट्रपति निर्वाचित होना

**सही विकल्प चुनिए :**

(a) (i), (ii), (iii), (iv)
(b) (ii), (iii), (iv), (i)
(c) (iii), (iv), (i), (ii)
(d) (ii), (iv), (i), (iii)

3. भारत और नेपाल के सम्बन्धों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है ? 1

(a) भारत और नेपाल के बीच एक दूसरे देश में बिना वीज़ा के यात्रा और काम करने के सम्बन्ध में एक विशेष सन्धि है ।
(b) भारत, नेपाल से आने वाले नदियों के जल को साझा करता है ।
(c) दोनों देशों में लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली है ।
(d) नेपाल सदैव भारत की नीतियों का अनुसरण करता है ।


https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – A

1. Fill in the following blank with an appropriate term from among the following : **1**

   _______ means the progress that meets the needs of the present generation without compromising the need of future generation.

   (a) Global commons (b) Development without destruction

   (c) Sustainable development (d) Politics of developed nations

2. Arrange the following in the chronological order : **1**

   (i) Appointment of Lal Bahadur Shastri as Prime Minister.

   (ii) Tashkent Agreement

   (iii) The fourth General Elections.

   (iv) Election of V.V. Giri as the President of India.

   **Choose the correct option :**

   (a) (i), (ii), (iii), (iv)

   (b) (ii), (iii), (iv), (i)

   (c) (iii), (iv), (i), (ii)

   (d) (ii), (iv), (i), (iii)

3. Which one of the following statements about relations between India and Nepal is NOT correct ? **1**

   (a) India and Nepal have a special treaty related to travel and work in the other country without Visa.

   (b) India shares the river water from Nepal.

   (c) Both countries have democratic form of government.

   (d) Nepal always follows the policies of India.



https://www.evidyarthi.in/

4. निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र संघ का एक अंग नहीं है ? **1**

(a) महासभा
(b) सुरक्षा परिषद
(c) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
(d) विश्व स्वास्थ्य संगठन

5. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा विकासशील देशों में निवेश करने के मुख्य कारण की पहचान कीजिए । **1**

(a) वंचित लोगों का कल्याण करना ।
(b) अपनी संपत्ति बढ़ाना व अधिक मुनाफा कमाना ।
(c) अन्य देशों को लाभ पहुँचाना ।
(d) विकासशील देशों की सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान करना ।

6. जम्मू और कश्मीर से सम्बद्ध अनुच्छेद 370 को कब समाप्त किया गया ? **1**

(a) 26 जनवरी, 2019
(b) 15 अगस्त, 2019
(c) 9 अगस्त, 2019
(d) 19 अगस्त, 2019

7. निम्नलिखित में से किस विकासात्मक मॉडल के भारत में सबसे कम समर्थक थे ? **1**

(a) विकास का मिश्रित मॉडल
(b) बॉम्बे प्लान
(c) संयुक्त राज्य अमरीका का पूँजीवादी मॉडल
(d) सोवियत संघ का समाजवादी मॉडल

नीचे दिए गए प्रश्न (**8** एवं **9**) में, दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है । इन कथनों को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

8. **अभिकथन (A)** : 1990 के दशक के संवैधानिक राजतंत्र के दौरान नेपाल की राजनीतिक पार्टियाँ और आम जनता अधिक खुली और उत्तरदायी शासन प्रणाली चाहते थे ।

**कारण (R)** : राजा सेना की सहायता से सरकार पर पूर्ण नियंत्रण बनाए हुए था और उसने नेपाल में लोकतंत्र के विस्तार को प्रतिबंधित किया । **1**

**विकल्प :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।



https://www.evidyarthi.in/

4. Which one of the following is NOT an organ of the United Nations ? **1**
   (a) General Assembly (b) Security Council
   (c) International Court of Justice (d) World Health Organisation

5. Identify the main reason behind the investments of MNCs in developing countries. **1**
   (a) For the welfare of the underprivileged people.
   (b) To increase their own assets and earn profits.
   (c) For the benefit of other countries.
   (d) To provide financial support to the developing countries.

6. When was Article 370 related to Jammu and Kashmir abolished ? **1**
   (a) 26 January, 2019 (b) 15 August, 2019
   (c) 9 August, 2019 (d) 19 August, 2019

7. Which among the following developmental model had least supporters in India ? **1**
   (a) Mixed Model of Development
   (b) Bombay Plan
   (c) Capitalist Model of USA
   (d) Socialist Model of USSR

In the questions (**8 & 9**) given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read these statements and choose one correct answer from the given options :

8. **Assertion (A) :** During constitutional monarchy in 1990s, the political parties and the common people of Nepal wanted to have a more open and responsive system of government.

   **Reason (R) :** The King with the help of the army retained full control over the government and restricted the expansion of democracy in Nepal. **1**

   **Options :**
   (a) Both (A) and (R) are true and (R), is the correct explanation of (A).
   (b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
   (c) (A) is true, but (R) is false.
   (d) (A) is false, but (R) is true.



https://www.evidyarthi.in/

9. **अभिकथन (A)** : संयुक्त राष्ट्र से आशा की जाती है कि वह एक ध्रुवीय विश्व में बेहतर काम कर पाएगा ।

**कारण (R)** : सोवियत संघ के विघटन के बाद कई नये देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बने । 1

**विकल्प :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

10. निम्नलिखित में से कौन सा दशक भारत में 'तीसरी लोकतान्त्रिक लहर' का दशक था ? 1

(a) 1970 का दशक
(b) 1980 का दशक
(c) 1990 का दशक
(d) 2000 का दशक

11. निम्नलिखित में से कौन नागालैण्ड का एक नेता था ? 1

(a) लाल डेंगा
(b) अंगमी जापू फिजो
(c) काज़ी दोरजी
(d) ई.वी. रामास्वामी

12. निम्नलिखित में से कौन सा एक, नीति आयोग का उद्देश्य **नहीं** है ? 1

(a) भारत की विकास प्रक्रिया के लिए रणनीतिक नीति प्रदान करना ।

(b) संघीय सरकार के लिए थिंक टैंक के रूप में कार्य करना ।

(c) विकास कार्यक्रमों के लिए धन की व्यवस्था करना ।

(d) नीति के धीमे कार्यान्वयन को समाप्त करना ।


https://www.evidyarthi.in/

9. **Assertion (A) :** The United Nations is expected to cope better with the Unipolar World.

**Reason (R) :** After the disintegration of Soviet Union many new countries joined the United Nations. 1

**Options :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R), is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

10. The decade of 'Third Democratic Upsurge' in India was _____. 1

(a) 1970s (b) 1980s

(c) 1990s (d) 2000s

11. Who among the following was a leader of Nagaland ? 1

(a) Laldenga (b) Angami Zapu Phizo

(c) Kazi Dorji (d) E.V. Ramaswami

12. Which one of the following is **not** the objective of NITI Aayog ? 1

(a) To provide strategic input to the development process of India.

(b) To serve as a Think Tank of the Union government.

(c) To arrange funds for the developmental programmes.

(d) To put an end to the tardy implementation of the policies.



https://www.evidyarthi.in/

## खंड – ख

13. केंद्र सरकार द्वारा योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग का गठन करने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । **$2 \times 1 = 2$**

14. भारत और पाकिस्तान के बीच सम्बन्धों को सुधारने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए । **$2 \times 1 = 2$**

15. भारत व इज़राइल के बीच सहयोग के किन्हीं दो क्षेत्रों का विश्लेषण कीजिए । **$2 \times 1 = 2$**

16. भारत ने सी.टी.बी.टी. (व्यापक परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि) तथा एन.पी.टी. (परमाणु अप्रसार सन्धि) पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए ? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । **$2 \times 1 = 2$**

17. अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के किन्हीं दो कार्यों की व्याख्या कीजिए । **$2 \times 1 = 2$**

18. "दक्षिण एशिया के लोकतंत्र के अनुभवों से लोकतंत्र की वैश्विक कल्पना का दायरा बढ़ा है ।" कथन की पुष्टि कीजिए । **2**

## खंड – ग

19. "'अरब स्प्रिंग' अन्याय के विरुद्ध एक जन–आंदोलन था ।" कथन के पक्ष में कोई दो उदाहरण दीजिए । **$2 \times 2 = 4$**

20. भारत में प्रथम तीन आम चुनावों में काँग्रेस दल के प्रभुत्व के किन्हीं चार कारणों की व्याख्या कीजिए । **$4 \times 1 = 4$**

21. भारत के साथ देसी रियासतों के विलय में सरदार पटेल की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए । **4**



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – B

13. Explain any two reasons for the formation of the NITI Aayog in place of the Planning Commission by the Union Government. **2 × 1 = 2**

14. Suggest any two measures to improve the relations between India and Pakistan. **2 × 1 = 2**

15. Analyse any two areas of cooperation between India and Israel. **2 × 1 = 2**

16. Why did India not sign the nuclear treaties like NPT and CTBT ? Explain any two reasons. **2 × 1 = 2**

17. Explain any two functions of International Labour Organisation (ILO). **2 × 1 = 2**

18. "The South Asian experience of democracy has expanded the global imagination of democracy." Justify the statement. **2**

## SECTION – C

19. "The 'Arab Spring' was the people's revolution against injustice." Support the statement with any two examples. **2 × 2 = 4**

20. Explain any four reasons for the dominance of Congress party in the first three general elections in India. **4 × 1 = 4**

21. Evaluate Sardar Patel's role in the integration of princely states with Indian Union. **4**



https://www.evidyarthi.in/

22. भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद के किन्हीं चार कारणों को उजागर कीजिए। $4 \times 1 = 4$

23. बड़े बाँधों के निर्माण के किन्हीं दो नकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। $2 \times 2 = 4$

## खंड – घ

24. निम्नलिखित कार्टून का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें : $4 \times 1 = 4$




(i) कार्टून में दिखाया गया सैनिक निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है ?

(a) सोवियत संघ (b) संयुक्त राज्य अमरीका

(c) इराक (d) ईरान




https://www.evidyarthi.in/

22. Highlight any four reasons for the Kashmir dispute between India and Pakistan. **4 × 1 = 4**

23. Analyse any two adverse effects of the construction of Mega dams. **2 × 2 = 4**

## SECTION – D

24. Study the given cartoon carefully and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**




(i) The soldier shown in the cartoon belongs to which one of the following countries ?

(a) USSR (b) USA

(c) Iraq (d) Iran

(ii) किस वर्ष इराक पर "ऑपरेशन इराकी फ्रीडम" के कूटनाम से आक्रमण किया गया था ?

(a) 1993 (b) 2000

(c) 2003 (d) 2008

(iii) कार्टून में दिखाए गए देशों में से निम्नलिखित में कौन सा एक देश खाड़ी का देश है ?

(a) ईरान (b) कज़ाकिस्तान

(c) पाकिस्तान (d) ओमान

(iv) प्रथम खाड़ी युद्ध को निम्नलिखित में से किस एक अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

(a) स्मार्ट वार (b) ऑपरेशन लिब्रेशन

(c) कम्प्यूटर वार (d) ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए,** प्रश्न संख्या **24** के स्थान पर है : **4 × 1 = 4**

(24.1) निम्नलिखित में से कौन सा देश 'खाड़ी का देश' है ?

(a) ईरान (b) पाकिस्तान

(c) ओमान (d) कज़ाकिस्तान

(24.2) किस वर्ष में "ऑपरेशन इराकी फ्रीडम" के कूटनाम से इराक पर आक्रमण हुआ था ?

(a) 1995 (b) 1999

(c) 2003 (d) 2007

(24.3) WMD का विस्तृत रूप लिखिए।

(a) वेपंस ऑफ मिनिमम डिस्ट्रक्शन

(b) वेपंस ऑफ मास डिस्ट्रक्शन

(c) वेपंस ऑफ मैक्सिमम डिस्ट्रक्शन

(d) वेपंस ऑफ मोस्ट डिस्ट्रक्शन

(24.4) प्रथम खाड़ी युद्ध को निम्नलिखित में से किस अन्य नाम से जाना जाता है ?

(a) स्मार्ट वार (b) ऑपरेशन लिब्रेशन

(c) कम्प्यूटर वार (d) ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम



https://www.evidyarthi.in/

(ii) In which year was Iraq attacked under the code name 'Operation Iraqi freedom' ?

(a) 1993 (b) 2000

(c) 2003 (d) 2008

(iii) Which one of the following countries shown on the cartoon is a 'Gulf country' ?

(a) Iran (b) Kazakhstan

(c) Pakistan (d) Oman

(iv) The First Gulf War is also known as _____.

(a) Smart War (b) Operation Liberation

(c) Computer War (d) Operation Enduring Freedom

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 24 :** **4 × 1 = 4**

(24.1) Which one of the following is a Gulf country ?

(a) Iran (b) Pakistan

(c) Oman (d) Kazakhstan

(24.2) In which year was Iraq attacked under the code name 'Operation Iraqi Freedom' ?

(a) 1995 (b) 1999

(c) 2003 (d) 2007

(24.3) What is the full form of WMD ?

(a) Weapons of minimum destruction

(b) Weapons of mass destruction

(c) Weapons of maximum destruction

(d) Weapons of most destruction

(24.4) The First Gulf War is known as -

(a) Smart War (b) Operation Liberation

(c) Computer War (d) Operation Enduring Freedom



https://www.evidyarthi.in/

25. निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

एक अवधारणा के रूप में वैश्वीकरण मूल रूप से प्रवाह से संबंधित है । ये प्रवाह विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं । विश्व के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने वाले विचार, दो या दो से अधिक स्थानों के बीच पूँजी का प्रवाह, कई देशों के बीच वस्तुओं का व्यापार तथा बेहतर आजीविका की तलाश में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोगों की आवाजाही । यहाँ सबसे महत्त्वपूर्ण बात है 'विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव', जो ऐसे प्रवाहों की निरंतरता से पैदा हुआ है और कायम भी है ।

(i) 'विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव' को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?

(a) वैश्वीकरण

(b) उदारीकरण

(c) समाजीकरण

(d) निजीकरण

(ii) वैश्वीकरण के आयाम हैं –

(a) राजनीतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक

(b) सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक

(c) राजनीतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय

(d) राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक

(iii) निम्नलिखित में से कौन आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि करता है ?

(a) रोज़गारों का कम होना

(b) गरीबी सूचकांक में वृद्धि

(c) मजबूत वैश्विक आर्थिक विकास

(d) व्यापार में तेज गिरावट

(iv) निम्नलिखित में से कौन वैश्वीकरण का एक प्रभाव है ?

(a) राज्यों की शक्ति में वृद्धि हुई है ।

(b) नये व्यापार अवरोध लागू किए गए हैं ।

(c) उपभोक्ता का चयन विस्तृत हुआ है ।

(d) स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिला है ।



https://www.evidyarthi.in/

25. Read the passage given below carefully and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**

Globalisation as a concept fundamentally deals with flows. These flows could be of various kinds – ideas moving from one part of the world to another, capital shunted between two or more places, commodities being traded across borders and people moving in search of better livelihoods to different parts of the world. The crucial element is the 'worldwide interconnectedness' that is created and sustained as a consequence of these constant flows.

(i) 'Worldwide interconnectedness' is also known as _____.

(a) Globalisation

(b) Liberalisation

(c) Socialisation

(d) Privatisation

(ii) Dimensions of globalisation are _____.

(a) political, social and spiritual

(b) social, economic and geographical

(c) political, economic and environmental

(d) political, social and economic

(iii) Which among the following increases economic activities ?

(a) Decline in employment

(b) Increase in the index of poverty

(c) Strong global economic growth

(d) Great decline in the trade

(iv) Which one of the following is an impact of globalisation ?

(a) The power of the states has increased.

(b) New trade barriers have been imposed.

(c) Choice of the customer has increased.

(d) It has given a boost to local industries.



https://www.evidyarthi.in/

26. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में चार देशों/राज्यों को A, B, C तथा D द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, दिए गए प्रारूप के अनुसार लिखिए : **4 × 1 = 4**


(i) वह देश जिसके साथ भारत का 1962 में युद्ध हुआ ।

(ii) वह देश जिसके साथ भारत का कश्मीर के मुद्दे पर विवाद है ।

(iii) वह देश जो 1971 के युद्ध के बाद अस्तित्व में आया ।

(iv) वह भारतीय राज्य जो चीन के साथ सीमा साझा करता है ।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | सम्बन्धित अक्षर | देश/राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |






https://www.evidyarthi.in/

26. In the given political outline map of India, four countries/states have been marked as A, B, C and D. Identify these on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book along with their respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per format that follows : **4 × 1 = 4**


(i) The country with which India fought a battle in 1962.

(ii) The country with which India has a dispute on Kashmir.

(iii) The country which came into existence after the 1971 war.

(iv) The Indian state which shares its border with China.

| Sr. No. of the information used | Concerned alphabet in the map | Name of the countries/states |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |



**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए,** प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं : **4 × 1 = 4**

(26.1) उस देश का नाम लिखिए जिसके साथ भारत ने 1962 में युद्ध लड़ा था ।

(26.2) आजादी के बाद से ही किस देश के साथ भारत का कश्मीर मुद्दे पर संघर्ष रहा है ?

(26.3) शेख मुजिबुर्रहमान से संबंधित देश का नाम लिखिए ।

(26.4) पूर्वोत्तर का कौन सा भारतीय राज्य चीन के साथ अपनी सीमा साझा करता है ?

## खंड – ङ

27. (a) एशिया में शान्ति और सहयोग को बढ़ावा देने में सार्क (दक्षेस) की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । **6**

**अथवा**

(b) "इक्कीसवीं सदी का जापान एक नए शक्ति केन्द्र के रूप में उभर रहा है ।" कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए । **3 × 2 = 6**

28. (a) 1975 में घोषित आपातकाल को भारतीय राजनीति की सर्वाधिक विवादित घटना क्यों माना जाता है ? कोई तीन कारण उजागर कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) 1977 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी के पतन के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों को उजागर कीजिए । **3 × 2 = 6**

29. (a) मण्डल आयोग की तीन सिफारिशें किस प्रकार 'अन्य पिछड़ा वर्ग' की समस्याओं को हल करने का एक प्रयास है ? विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) भारतीय राजनीति में 'अन्य पिछड़ा वर्ग' के उत्थान के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का विश्लेषण कीजिए । **3 × 2 = 6**


https://www.evidyarthi.in/

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 26 :** **4 × 1 = 4**

(26.1) Name the country with which India fought a battle in 1962.

(26.2) With which country did India have conflict over Kashmir issue since independence ?

(26.3) Name the country related to Sheikh Mujibur Rahman.

(26.4) Which Indian state in the North East shares its border with China ?

## SECTION – E

27. (a) Analyse the role of SAARC in promoting peace and cooperation in Asia. **6**

**OR**

(b) "The 21st century Japan is emerging as a new center of power." Support the statement with any three arguments. **3 × 2 = 6**

28. . (a) Why is the emergency imposed in 1975 considered the most controversial episode in Indian politics ? Highlight any three reasons. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Highlight any three factors which were responsible for the downfall of the Congress Party in the 1977 elections. **3 × 2 = 6**

29. (a) How are the three recommendations of the Mandal Commission an effort to solve the problems of the 'Other Backward Classes' (OBCs) ? Analyse. **3 × 2 = 6**

**OR**

(b) Analyse any three factors that led to the rise of 'Other Backward Classes' (OBCs) in Indian Politics ? **3 × 2 = 6**



https://www.evidyarthi.in/

30. (a) सुरक्षा के लिए एक नये खतरे के रूप में आतंकवाद की व्याख्या किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से कीजिए। **$2 \times 3 = 6$**

**अथवा**

(b) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नये स्थायी एवं अस्थायी सदस्यों के लिए प्रस्तावित किन्हीं चार मापदण्डों को स्पष्ट कीजिए। **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**



https://www.evidyarthi.in/

30. (a) Explain terrorism as a new source of threat to the security with the help of any two examples. **$2 \times 3 = 6$**

**OR**

(b) Explain any four criteria proposed for new permanent and non-permanent members of the UN Security Council. **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**

---



https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/